तापमान

अधिकतम 40 .0 डिग्री
न्यूनतम 33 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 25 जून 2024



10 लोस चुनाव के बाद कांग्रेस नेताओं में हो रही बयानबाजी





10 मिट्टी में जान फूंकने का काम कर रहे हैं छात्र




## खबर संक्षेप

### पत्नी पर हमला कर किया घायल, मामला दर्ज

**जींद।** गांव रायचंदवाला में पत्नी पर हमला कर घायल करने पर अलेवा थाना पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रायचंद वाला निवासी पूनम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर शाम को उसका पति राजपाल शराब के नशे में धुत्त होकर आया और उसे पर लोहे की पाइप से हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### वेयर हाउस का टूटा ताला, उपकरण चोरी

**जींद।** गांव ढाठरथ वेयर हाउस का ताला तोड़ कर टावर का सामान चोरी करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ढाठरथ निवासी मेजर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कंपनी ने गांव में वेयर हाउस बनाया हुआ है। जिसमें टावर से संबंधित सामान रखा जाता है। बीती रात चोरों ने वेयर हाउस का ताला तोड़ कर सामान को चोरी कर लिया।

### भूख हड़ताल में शामिल होंगी रोडवेज वर्कर्स यूनियन

**जींद।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की बैठक बस अड्डा स्थित कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रधान देवेंद्र घोड़ेला ने की। मंच संचालन सचिव रमेश भैणी ने किया। इसमें विशेष तौर पर रा'य कोषाध्यक्ष सुशील ईक्कस, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयबीर तालु ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि साझा मोर्चा के आह्वान पर 26 जून को सुबह दस से शाम चार बजे तक भूख हड़ताल की जाएगी।

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत, मामला दर्ज

**जींद।** गांव पदार्थखेड़ा में संदिग्ध हालात में चारपाई पर मृत मिले व्यक्ति के मामले में गढी थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर महिला समेत छह लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पदार्थखेड़ा निवासी प्रगट सिंह सोमवार को संदिग्ध हालात में अपने घर में चारपाई पर मृत पाया गया।

### दोपहर तक उमस ने किया बेहाल, शाम को राहत

**जींद।** परिवर्तनशील मौसम के चलते दोपहर तक मौसम जबरदस्त उमस बनी रही। शाम का आकाश में बादलों के छाने तथा हवा की गति तेज होने पर कुछ राहत मिली। सोमवार को अधिकतम तापमान 40.7 तथा न्यूनतम तापमान 33.4 दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 54 प्रतिशत तथा हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क तथा परिवर्तनशील बना रहेगा। बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

## यूजी कोर्सेज में दाखिले को लेकर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

- दो जुलाई को पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी

यूजी कोर्सेज में दाखिले को लेकर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। अगर शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं होता है तो ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 25 जून रहेगी। दो जुलाई को पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। जिसमें अगर किसी विद्यार्थियों को अगर मेरिट लिस्ट को लेकर कोई आपत्ति होगी तो वह आनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों की आपत्ति देखी जाएगी और तीन जुलाई को पहली फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। मेरिट लिस्ट में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी चार जुलाई से लेकर आठ जुलाई तक फीस भर सकेंगे। इसके बाद नौ जुलाई को दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी और फाइनल मेरिट लिस्ट दस जुलाई को जारी होगी। मेरिट लिस्ट में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी दस जुलाई से लेकर 12 जुलाई तक फीस भर सकेंगे। राजकीय पीजी कॉलेज व राजकीय महिला कॉलेज विद्यार्थियों की पहली पंसद बने हुए हैं।

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर लगातार आवेदन किए जा रहे हैं। इच्छुक विद्यार्थी 25 जून तक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अगर शेड्यूल में कोई बदलाव होगा तो विद्यार्थियों को अवगत करवा दिया जाएगा।



**जींद।** राजकीय महाविद्यालय जींद। *फोटो : हरिभूमि*

### राजकीय कॉलेज में आए आवेदन

| संकाय का नाम | कुल सीटें | आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|
| बीए | 600 | 1584 |
| बीए मेजर अंग्रेजी | 40 | 62 |
| बीए मेजर 'योग्राफी | 40 | 76 |
| बीए मेजर हिस्ट्री | 40 | 30 |
| बीबीए | 40 | 23 |
| बीकॉम | 220 | 272 |
| बीसीए | 120 | 426 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 150 | 213 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 300 | 281 |

### राजकीय महिला कॉलेज में आए आवेदन

| संकाय का नाम | कुल सीटें | आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|
| बीए | 400 | 986 |
| बीए अंग्रेजी | 40 | 37 |
| बीए 'योग्राफी | 40 | 49 |
| बीकॉम | 240 | 140 |
| बीसीए | 60 | 165 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 60 | 142 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 160 | 166 |
| बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिक्स | 30 | 11 |

### सफीदों राजकीय कॉलेज में आए आवेदन

| संकाय का नाम | कुल सीटें | आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|
| बीए | 400 | 403 |
| बीए इंग्लिश | 40 | 15 |
| बीकॉम | 160 | 93 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 60 | 57 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 120 | 71 |

### सफीदों राजकीय महिला कॉलेज में आए आवेदन

| संकाय का नाम | कुल सीटें | आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|
| बीए | 320 | 225 |
| बीकॉम | 80 | 29 |

### राजकीय कॉलेज नरवाना

| संकाय का नाम | कुल सीटें | आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|
| बीए | 640 | 1196 |
| बीए मेजर अंग्रेजी | 40 | 34 |
| बीए मेजर 'योग्राफी | 40 | 41 |
| बीए मैथ | 40 | 38 |
| बीए पॉलटिक्ल साइंस | 40 | 14 |
| बीबीए | 40 | 92 |
| बीकॉम | 160 | 205 |
| बीसीए | 40 | 257 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 60 | 112 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 160 | 140 |
| बैचलर ऑफ टूरिजम एंड मैनेजमेंट | 40 | 42 |

### मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना तहत मिले प्लॉट तो खिले चेहरे

## सरकार ने गरीबों के सपने को किया साकार

हरियाणा शहरी आवास योजना के तहत सफीदों व जुलाना के प्लाटों का निकाला ड्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि अपने घर के लिए हर इंसान सपने देखता है। आज उन गरीब लोगों के सपने साकार हुए हैं जिन्होंने घर बनाने को लेकर प्लाट के लिए आवेदन किया था। यह क्षण किसी भी इंसान के लिए जीवनभर यादगार बनकर रह जाता है।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा सोमवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय स्थित डा. हरिचंद मिढ़ा सभागार में प्लॉटों के ड्रॉ निकालने के दौरान वहां आए प्लाटधारकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत फरवरी 2024 में ऑनलाइन माध्यम से बुकिंग करवाई गई थी। जिनमें जिला के जुलाना और सफीदों उपमंडल भी शामिल था। आवेदन के लिए एक लाख 80 रुपये हजार रुपये तक या इससे कम आय की सीमा थी। उन्होंने बताया कि इनमें को घुमंतू जाति, विधवा श्रेणी और अनुसूचित व अन्य जाति के लोग शामिल थे। उन्होंने बताया कि जुलाना में घुमंतू जाति के दो, विधवा श्रेणी में 17, अनुसूचित जाति में 70 अन्य 45 यानी कुल 134 आवेदकों ने बुकिंग करवाई थी। इसी प्रकार सफीदों में घुमंतू जाति के पांच, विधवा श्रेणी में 27, अनुसूचित जाति में 50 अन्य में 173 और इस प्रकार से कुल 255 आवेदकों ने प्लाटों की ऑनलाइन बुकिंग करवाई थी। इस प्रकार से दोनों उपमंडल में कुल 389 लोगों ने आवेदन किया था।

सोमवार को सभी को ड्रा के माध्यम से प्लाटों के नंबर अलॉट किए गए। उन्होंने कहा कि यह सरकार की बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण या शहरी स्थानीय निकाय की जगह पर प्लाट आवंटित किए गए हैं। इन कालोनियों में बिजली, पानी, सड़क, सीवरेज की सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि प्लाटधारक अपने प्लाट के नंबर या अन्य किसी प्रकार की जानकारी अपनी संबंधित नगर पालिका में ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोहतक में 26 जून को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह कुछ प्लाट धारकों को अपने हाथों से प्लाटों के अधिकृत पत्र भेंट करेंगे। इस अवसर पर डीएमसी वीरेंद्र सहरावत, एसडीएम जींद व ईओ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण राकेश सैनी, एसडीएम सफीदों मनीष फोगाट, एसडीएम जुलाना अजय कुमार, हरियाणा हाउसिंग फॉर ऑल एजेंसी चंडीगढ़ से रीतू भाटिया मौजूद थी।







**जींद।** सीआरएसयू स्थित डा. हरिचंद मिढ़ा सभागार में प्लॉटों के ड्रॉ निकालने के बाद संबोधित करते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा व ड्रा में शामिल लोग।

### पहले चलाई गोली फिर महिला पर तेल छिड़क लगाई आग



दृष्टिहीन सुभाष



मीना देवी

**जींद।** गांव गांगोली में जमीन विवाद के चलते महिला पर फायर करने तथा तेल छिड़क आग लगा जान लेने की कोशिश का मामला सामने आया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर महिला समेत दो लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव गांगोली निवासी संतरो ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा अजय अमेरीका गया हुआ है। उसकी ननंद कविता ने अपने हिस्से की जमीन गांव के ही कृष्ण फौजी की पत्नी मीना को बेच दी थी। जिस पर उसके जेठ कृष्ण व जेठानी सरोज ने कोर्ट से स्टे लिया हुआ है। गत 21 जून शाम को वह खेत में काम कर रही थी। उसी दौरान कृष्ण फौजी, उसकी पत्नी मीना व पाच अन्य खेत मे पहुचे ओर उस पर बंदूक तान दी। आरोपितों ने उसे खेत से भाग जाने के लिए कहा।

## ऑपरेशन आक्रमण के तहत 25 दबोचे

- पुलिस की 57 टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला पुलिस ने आप्रेशन आक्रमण के तहत पुलिस की 57 टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। जिसके चलते 25 आरोपित पुलिस के हत्थे चढे। जिनके कब्जे से 368 बोतल अवैध शराब व 620 लीटर लाहण बरामद बरामद हुई। वहीं अवैध असलहा के साथ दो आरोपितों को भी काबू किया गया। उधर, पुलिस ने यातायात नियमो की अनदेखी करने वाले 154 वाहनों के चलान भी किए। पुलिस प्रवक्ता अमित ने बताया कि आपरेशन आक्रमण के तहत व्यापक स्तर पर पुलिस टीमों ने औचक अभियान चलाया था। जिसका उद्देश्य कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अनैतिक गतिविधियों पर रोक लगाना रहा। थाना शहर जींद के अंतर्गत पीर बाबा के पास नरवाना रोड जींद से एएसआई समरजीत सिंह ने आरोपित अजय वासी अहिरका हाल निवासी शिवपुरी कालोनी जींद को काबू करके उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल 12 बोर व एक कारतूस बरामद किया है। इसी प्रकार शस्त्र अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए लाभ सिंह होटल के पास से पुलिस ने इनाम वासी मोहल्ला अफगान किराना जिला शामली को काबू करके उसके कब्जे से एक पिस्तौल 12 बोर, एक पिस्तोल 315 बोर बरामद करके आरोपित के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।





**जींद।** जांच करते हुए टीम सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### दाखिला पोर्टल धीमी गति से चलने से विद्यार्थी परेशान

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल में आज रजिस्ट्रेशन के दूसरे आखिरी दिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी पहुंचे। हालांकि उच्चतर शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर केंद्रीकृत रजिस्ट्रेशन सह दाखिला पोर्टल आज धीमी गति से काम कर रहा था। जिन विद्यार्थियों ने पहले पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया हुआ था और वे अपने कोर्स या कॉलेज के विकल्प को एडिट करना चाहते थे, वे आज ऐसा नहीं कर पाए, क्योंकि साइट आज ठीक से काम नहीं कर रही थी। हालांकि कुछ विद्यार्थियों के लिए नई रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया काम कर रही थी, लेकिन कुल मिलाकर पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा था। इससे संकेत मिलते हैं कि विभाग रजिस्ट्रेशन की तिथि को 30 जून तक बढ़ा सकता है, हालांकि उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक सूचना नहीं आई है।

## बिजली निगम ने पकड़ी बिजली चोरी

- आक्रोशित ग्रामीण पहुंचे बिजली निगम कार्यालय, लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के गांव लजवाना कलां में निजी टयूबवैल लगा कर पेयजल सप्लाई किया जा रहा था। इसकी शिकायत बिजली निगम को दी गई। बिजली निगम सूचना पाकर मौके पर पहुंचा और चोरी पाए जाने पर लगभग सवा तीन लाख रुपये का भारी भरकम जुर्माना ठोक दिया। सोमवार को दोपहर बाद ग्रामीण भारी संख्या में बिजली निगम कार्यालय पहुंचे और गांव में पेयजल किल्लत के समाधान की गुहार लगाई। लजवाना कलां गांव निवासी दीपक, राममेहर, जयदीप, सरपंच सतीश, सतीश पहलवान, राजेन्द्र पंच ने बताया कि गांव में पेयजल किल्लत चल रही थी ग्रामीणों ने निजी पंप लगा कर गांव में पेयजल सप्लाई की जा रही थी। बिजली निगम ने कनैक्शन काट दिया और चोरी मिलने पर भारी जूर्माना भी लगा दिया। ग्रामीणो ने मांग की है कि गांव से पेयजल किल्लत के समाधान के लिए कदम उठाए जाएं ताकि ग्रामीणों को समस्या से निजा मिल सके। बिजली निगम के एसडीओ अशोक कुमार ने बताया कि बिजली निगम को शिकायत मिली थी कि गांव में चोरी से मोटर चलाई जा रही है। निगम के कर्मचारियों ने चोरी पकड़ ली और लगभग सवा तीन लाख रुपये जुर्माना लगाया है। बिजली निगम का काम बिजली सप्लाई देना है। पानी की सप्लाई देना जनस्वास्थ्य विभाग का काम है।



बिजली निगम कार्यालय में पहुंचे लजवाना कलां के ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

## कच्ची गलियों को लेकर लोग परेशान

- कच्ची गलियों को लेकर कस्बावासियों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कलायत

कलायत में श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज और कपिल मुनि ड्रेन के बीच आबाद कालोनी में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के चलते सिर उठा रही समस्याओं के निवारण को लेकर शिष्टमंडल ने एसडीएम के साथ-साथ नगर पालिका सचिव को स्थिति से अवगत करवाया। प्रतिनिधि मंडल की रहनुमाई कर रहे कॉमरेड सत्यवान सिंह, राजकुमार, कश्मीर सिंह, सुरेंद्र कुमार, विक्रम सिंह और दूसरे लोगों ने कहा कि आवासीय क्षेत्र विभागीय प्रक्रिया अनुसार वैध है। बावजूद इसके गलियां पूरी तरह से बदहाल हैं।केहर सिंह ने कहा कि आवासीय कालोनी की गलियों में न तो रोशनी है और न पीने के पानी की सुविधा। गंदे पानी की निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं। इन हालातों में विकास के दावे बेमानी है। उन्होंने सुविधाएं जुटाने की मांग प्रशासन से की। राजकुमार ने बताया कि वे सभी तरह के कर नगरपालिका और अन्य विभागों को देते आ रहे हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि आखिरकार उनके साथ ऐसा सौतेला व्यवहार क्यों हो रहा है? इसके चलते उन्होंने अधिकारियों को हालातों से रूबरू करवाने का निर्णय लिया।सत्यवान सिंह कामरेड ने बताया कि पहले भी वे अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं।



कलायत में आवासीय कालोनी की बदहाल गलियां। *फोटो : हरिभूमि*

### नहीं रहने दी जाएंगी समस्याएं

कलायत नगर पालिका सचिव पवन शर्मा और पालिका अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि हाल ही आवासीय कालोनी को सरकार द्वारा वैध घोषित किया गया है। कालोनी में तमाम सुविधाएं जुटाने के लिए प्रारूप तैयार किया गया है। टीम ने लोगों की समस्याओं को देखते हुए मुआयना किया है। जल्द प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएं जुटाने का क्रम शुरू होगा।

### सोलर प्लांट के लिए जमीन अधिग्रहण के विरोध में उतरे ग्रामीण

## मर सकते हैं लेकिन जमीन नहीं दे सकते

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

गांव पाडला के ग्रामीणों ने सोमवार को सोलर प्लांट के लिए जमीन अधिग्रहण करने के विरोध में खानपुर स्थित पावर ग्रिड का घेराव कर दिया तथा सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीणों ने पावर ग्रिड के डीजीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि वे किसी भी कीमत पर अपनी जमीन नहीं देंगे। अब इस समस्या को लेकर वह जल्द ही डीसी प्रंशात पंवार से भी मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि पाडला में सोलर प्लांट लगाया जाना है। इसके बाद यहां बिजली राजस्थान और उससे लगते क्षेत्रो में भेजी जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव से पहले सोलर प्लांट लगाने वाली एक कंपनी ने पाडला गांव में सर्वे किया था जिन्होंने शुरूआत में 240 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने की बात कही थी। अब 300 एकड़ में प्लांट लगाने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस पट्टी में ये प्लांट लगाया जाना उसमें कुल 400 एकड़ ही जमीन है। यदि 300 एकड़ जमीन अधिग्रहण कर ली तो ग्रामीण बर्बाद होने की कगार पर पहुंच जाएंगे। यदि जमीन नहीं रहेगी तो छोटे जमींदार कैसे अपना गुजारा कर पाएंगे। जमीन देने पर किसान सड़क पर आ जाएंगे। कोई भी ग्रामीण जमीन देने पर सहमत नहीं है। इससे पहले ग्रामीणों ने रविवार को गांव में सामूहिक रूप से फैसला लिया कि वे अपनी उपजाऊ भूमि पर प्लांट नहीं लगने देंगे।ग्रामीण रोशनलाल ने बताया कि पाडला गांव की जमीन बहुत ही उपजाऊ जमीन है। यदि सरकार ने या किसी कंपनी ने यहां प्लांट लगाना है तो किसी बंजर जमीन पर लगाए। जमीन है तो इस पर किसान को ऋण मिल जाता है। आढती से भी किसान को रुपये मिल जाते है। यदि जमीन ही नहीं रहेगी तो किसान का गुजरा कैसे होगा। सरपंच रामभज ने कहा कि पूरी पट्टी में 400 एकड़ जमीन है।



**कैथल।** पावर ग्रिड का घेराव कर नारेबाजी करते पाडला के ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

### उजड़ जाएंगे परिवार

ग्राम पंचायत पाडला के सरपंच रामभज ने कहा कि पूरी पट्टी में 400 एकड़ जमीन है। यदि 300 एकड़ जमीन दे दी जाएगी तो बहुत से परिवार ही उजड़ जाएंगे। ऐसे में उनके पास रोजी रोटी के लिए कुछ नहीं बचेगा।

## खबर संक्षेप

### बीरेंद्र सिंह के कांग्रेस में आने से पार्टी हुई मजबूत

**उचाना ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के समर्थक दिनेश शर्मा दुर्जनपुर ने कहा कि कांग्रेस में जब से पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह आए है तब से कांग्रेस का ग्राफ बढा है। प्रदेश में कांग्रेस को पांच लोकसभा सीट पर जीत मिली है। बीरेंद्र सिंह की पूरे प्रदेश में कार्यकर्ताओं की फौज है जिसका फायदा कांग्रेस को लोकसभा चुनाव की तरह विस चुनाव में भी मिलेगा।

### मुआवजा के लिए डीसी से मिले पेगां के किसान

**अलेवा।** दिल्ली-जम्मू कटरा एक्सप्रेस हाइवे पर जमीन काबढ़ा मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को पेगां गांव के किसान डीसी जींद से मिले। डीसी जींद ने मामले को लेकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन किसानों को दिया है। पेगां गांव के किसान सतपाल, शमशेर, चांदीराम, कर्मबीर, दिलबाग, ओमप्रकाश आदि ने डीसी जींद को सौंपे मांग पत्र में कहा कि सरकार ने दिल्ली-जम्मू कटरा एक्सप्रेस हाइवे के निर्माण के लिए पेगां गांव की जमीन का अधिग्रहण किया था।

### पीएनबी ने आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

**जींद ।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद द्वारा गांव ढाठरथ व हैबतपुर में चलाए जा रहे छह दिवसीय सामान्य उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्त्रम का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे हैं। इस दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रम में 69 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।संस्थान निदेशक सुखबीर दहिया ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थी अपना काम शुरु करके अपने परिवार की आय बढ़ाएंगे व अपनी जीवन शैली में सुधार करेंगे।

### हमला कर घायल करने पर तीन नामजद

**जींद।** गांव बरहा कलां में प्लाट कब्जे का विरोध करने पर कुछ लोगों ने हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। सदर थाना पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बरहा कलां निवासी युवराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने प्लाट में खड़ा था। उसी दौरान भैयाराम परिवार ने कब्जे की नियत से उस पर हमला कर दिया।

### दुष्यंत चौटाला हैं प्रदेश का भविष्य : धोला खेड़ा

**उचाना।** जजपा के वरिष्ठा नेता धोला खेड़ा ने कहा कि प्रदेश में आने कल जजपा का है। प्रदेश के सबसे युवा सीएम दुष्यंत चौटाला बनेंगे। लोकसभा चुनाव के जो परिणाम थे वो भाजपा के खिलाफ मतदाताओं द्वारा एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ मतदान किए जाने के चलते कांग्रेस के पक्ष में गए। विधानसभा में स्थिति कुछ अलग होगी। विधानसभा चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़ा जाता है।

### महिला को चूना लगाने का एक आरोपित काबू

जींद। साइबर थाना पुलिस ने गांव मुआना की एक महिला को व्हाट्सअप पर टास्क देकर 52 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मुआना निवासी मोनू कुमारी ने गत 22 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गत 12 जनवरी को उसके व्हाट्सअप पर लिंक मिला। जिसे क्लिक करने पर उसे टेलीग्राम आईडी मिली।

### ओलंपिक दिवस पर हुई खेल प्रतियोगिताएं

**जींद ।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में ओलंपिक दिवस समारोह का आयोजन विवि की खेल परिषद द्वारा मेजर ध्यान चंद खेल परिसर में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ाना है। कुलसचिव लवलीन मोहन ने एथलेटिक, कबड्डी, फुटबॉल, हैंडबाल विधाओं की प्रतियोगिता का शुभ आरंभ विवि ध्वज फहरा कर किया।

### पार्टी के सीनियर नेताओं को दिखानी चाहिए एकजुटता

# लोकसभा चुनाव के बाद अब कांग्रेस की कलह आ रही सामने

कांग्रेस आज अच्छी स्थिति में इसको बनाए रखने के लिए सब मिलकर चलते हुए इसको आगे बढ़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

जींद कार्यकर्ता सम्मेलन में कुमारी शैलजा को छोड़ कर जींद से संबंध रखने वाले अन्य सांसदों के फोटो लगाए जाने के सवाल पर कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस के जो सीनियर नेता है उनको मिलकर चलना चाहिए। कांग्रेस आज बहुत अच्छी स्थिति में है। इस स्थिति को विस चुनाव में बनाए रखने के लिए सब मिलकर चलते हुए इसको आगे बढ़ाए। जो घटनाक्रम पिछले कुछ दिनों से चल रहा है वो नहीं होना चाहिए। विधानसभा चुनाव सिर पर है ऐसे में सब मिलकर कांग्रेस चले ताकि कार्यकर्ताओं, जनता में संदेश अच्छा जाए।


उचाना। कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह।

#### हिसार एयरपोर्ट का भाजपा कर रही है दिखावा

पत्रकार वार्ता में बार-बार हिसार एयरपोर्ट के हो रहे उद्घाटन पर बोलते हुए बृजेंद्र सिंह ने कहा कि पहले भी कह चुका हूँ कि ये एयरपोर्ट है बस अड्डा नहीं है। जहां चार दीवारी बना कर बसों के खड़ा होने के लिए जगह बन गई फिर बसें आई और बस अड्डा शुरू हो गया। एयरपोर्ट जब पूरी तरह से चालू होगा उसमें एक लंबी प्रक्रिया है उसमें समय लगता है। 2019 में यहां से जहाज उड़ाया था जिसमें मैं भी बैठकर गया था। यहां पर एक ऑफिस बना दिया था जहां कुछ राजनीतिक लोगों को एकत्रित करके टिकटें दिलवा कर करीब एक महीने तक जहाज उड़ाए थे। अनेकों बार यहां अलग-अलग उद्घाटन हो चुके है। अब चुनाव आ रहा है फिर वहां उद्घाटन हो रहे है।

#### कार्यक्रम में मुख्य रूप से ये रहे मौजूद

दो-चार हवाई जहाज उड़ाए जाएंगे लेकिन वो अभी उस स्टेज पर नहीं है वहां से निरंतर फ्लाइट शुरू हो जाए। जेजेपी विधायक देवेंद्र बबली द्वारा दुष्यंत चौटाला को नकारा नेता बताए जाने पर बृजेंद्र सिंह ने कहा कि जो नेता अपनी पार्टी को 1 फीसदी वोट तक नहीं दिला सका हो उसे और क्या संज्ञा दी जा सकती है। उप मुख्यमंत्री रहने के साथ बड़े-बड़े महकमे आपके पास थे। इतना होने के बाद भी ये हालात कि आप 1 फीसदी वोट अपनी पार्टी को पूरे प्रदेश में नहीं दिलवा सकते। कांग्रेस द्वारा राज्यसभा उम्मीदवार नहीं बनाए जाने पर अभय सिंह चौटाला कांग्रेस पर साधे जा रहे निशाने पर बोलते हुए बृजेंद्र सिंह ने कहा कि अभय सिंह की कुरूक्षेत्र लोकसभा से 78 हजार के आस-पास मत आए थे। 1.7 के आस-पास प्रतिशत पूरे प्रदेश में वोट आई है। इतनी बड़ी बात जब कहनी चाहिए जब आदमी का कुछ ब्योंत बन जाए जो अभी उनका नहीं है। ठीक है वो कुछ बयान देते है देवीलाल परिवार से है जो खबर बन अखबरों में छपती है उनको (अभय चौटाला) भी ये ही चाहिए। कांग्रेस कभी भी सीएम फेस घोषित नहीं करती और उसके फायदे भी है। सीएम बनाने का पहला फैसला लोगों का फिर जो विधायक चुन कर आए उनका फिर हाईकमान का होता है। इस मौके पर सज्जन सिंह, संजीव डूमरखा, राममेहर दनौदा, राजेश फौजी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसान छात्र एकता संगठन ने सौंपा ज्ञापन

- छात्रवृति में आ रही समस्याओं के समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। सीआरएसयू सहायक कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते हुए डा. सीमा।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में सोमवार को किसान छात्र एकता संगठन ने छात्रवृति में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए सहायक कुलसचिव डा. सीमा को ज्ञापन सौंपा।

संगठन उप प्रधान अभिषेक जुलाना ने बताया कि डेढ़ महीने से छात्रवृति के फार्म में आपत्ति लगी हुई थी। जिसको लेकर संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया गया था। बच्चों की परीक्षाएं भी खत्म हो गई हैं और दाखिला प्रक्रिया भी विश्वविद्यालय की शुरू हो चुकी है। दाखिला प्रक्रिया में भाग लेने के लिए बच्चों को पिछले साल की डीएमसी मांगते हैं। अगर बच्चे समय से स्कॉलरशिप जमा नहीं करते तो उनको डीएमसी प्रदान नहीं की जाती है लेकिन अगर स्कॉलरशिप ही समय से नही आएगी तो बच्चे कहा से पैसे जमा कराएंगे। कई बच्चों को लोन लेकर फीस भरनी पड़ती है। जिसके चलते बच्चों को परेशान होना पड़ता है। वेदपाल ने बताया कि लगभग डेढ़ महीने से छात्रवृत्ति के फार्म में आपत्ति लगी हुई थी, जिसको सुधारा नहीं जा रहा है।

# शिविर में लोगों की समस्याओं का हो रहा निपटान : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपमंडल सफीदों के सभागार मे आयोजित प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह नौ से 11 बजे तक आयोजित समाधान शिविर मे नागरिक अपनी-अपनी शिकायतें, समस्या लेकर पहुंचते है। सोमवार को आयोजित शिविर में कुल 58 लोग अपनी समस्याए लेकर पहुंचे। जिनमें 'यादातर मामले फेमिली आईडी से जुड़े हुए थे। एसडीएम मनीष फोगाट की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को मौके पर ही शिकायतों का निपटान करने व अन्य समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने के बारे में निर्देश दिए गए। शिविर में संबंधित अधिकारियों ने पांच जनण्समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। एसडीएम मनीष फोगाट ने कहा कि समाधान शिविर आम नागरिकों की समस्याओं के हल को लेकर सरकार द्वारा अच्छी कल्याणकारी योजना है। इससे नागरिकों को अलग-अलग विभागों के कार्यालयों के चक्कर काटने की बजाय एक ही जगह अपनी समस्याओं का निपटान कराने में आसानी होगी। समाधान शिविर में डीएसपी आशीष कुमार, सफीदों के नायब तहसीलदार राजेश गर्ग रहे।

### टैक्स 60 रुपये, आईडी ठीक करवाने के लिए खर्च हो गए 1600 रुपये


**जींद ।** प्रोपर्टी आईडी ठीक करवाने को लेकर आमजन के पसीने निकल रहे हैं लेकिन अधिकारी हैं कि न तो लोगों की सुनवाई कर रहे हैं और न ही शिकायतों का समाधान कर रहे हैं। मजबूरन लोगों को अब समाधान शिविर का रूख करना पड़ रहा है। कृष्णा कॉलोनी की चौड़ी गली निवासी प्रतिभा वर्मा अपनी प्रोपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए छह महीने से नगर परिषद के चक्कर काट रही है। उसका प्रोपर्टी टैक्स मात्र 60 रुपये था लेकिन प्रतिभा अपनी आईडी ठीक करवाने के लिए 1700 रुपये खर्च कर चुकी है। सोमवार को प्रतिभा ने समाधान शिविर में अपनी समस्या डीसी के सामने रखी।

# बाजारों और सड़कों पर रहता है बेसहारा पशुओं का कब्जा

- वाहन चालकों को आवागमन में हादसों का बना डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

शहर में निरंतर बढ़ रही बेसहारा पशुओं की संख्या वाहन चालकों के लिए हादसे का कारण बन रही है। सबसे अधिक परेशानी रात को आवागमन के दौरान होती है। रजबाहा रोड, रेलवे रोड, लितानी रोड के अलावा अन्य मागार्े पर बेसहारा पशुओं के झूंड नजर आते है। वाहन चालक बार-बार इनको पकड़ कर गौशाला में छोड़ने की मांग कर चुके है ताकि किसी तरह की घटना आवागमन में होने से वाहन चालक बच सकें। वाहन चालक राजेश, सुरेश, अनिल ने कहा कि निरंतर बेसहारा पशुओं की संख्या बाजारों में बढ़ रही है। बीते दिनों नपा द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़वाने के लिए ठेका भी दिया था। बाजारों, प्रमुख मागार्े पर बेसहारा पशुओं के झूंड नजर आते है। रात को सफर में सबसे अधिक परेशानी होती है जब काले रंग का पशु सड़क पर हो तो दिखाई नहीं देता है। एकाएक दिखाई देने पर हादसा होने का डर रहता है। प्रशासन को चाहिए बेसहारा पशुओं को पकड़वा कर गौशालाओं में छोड़े ताकि वाहन चालकों का जो सफर है वो आसान हो सकें। नपा सचिव विक्रमजीत ने कहा कि शहर में जो बेसहारा पशु है उनको पकड़वाने का ठेका दिया था। 100 से अधिक बेसहारा पशुओं को पकड़ कर गौशालाओं में छोड़ा था। अब दोबारा से फिर गौशाला संचालकों से बातचीत करके बेसहारा पशुओं को पकड़वाया जाएगा।


उचाना। रजबाहा रोड पर नजर आ रहे रात को बेसहारा पशु।

### रिश्तों के संबंध केवल खून से नहीं होते हैं : साध्वी

**उचाना ।** पुरानी मंडी स्थित तेरापंथ भवन में चल रहे प्रवचनों में साध्वी महिमा श्री ने कहा कि रिश्तों के संबंध केवल खून से नहीं होता है। मुसीबत में जो हाथ थाम ले उससे बड़ा कोई रिश्ता नहीं होता है। जब जरूरत होती है जीवन में जो अपने होते है वो साथ नहीं दे तो कैसा अपनापन। मुसीबत जीवन में आने पर जो साथ देता है वो ही अपना होता है। जीवन में बुरा समय भी आना जरूरी है क्योंकि इससे अपने-पराए की परख हो जाती है। अच्छे वक्त में तो सब साथ दे सकते है लेकिन पता जब चलता है जब बुरा वक्त हो और साथ देने वाले पास खड़े हो। रंग का काला हो तो सही है लेकिन मन का काला नहीं होना चाहिए। मन का जो काला होता है ऐसे लोगों से बचना चाहिए। ये लोग आपकी तरक्की, प्रगति से खुश नहीं होते है।

# कोचिंग के लिए पुस्तकालय तैयार

- आसपास के छह से अधिक गांवों की छात्राओं का होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


उचाना। सुदकैन कलां में आयोजित मीटिंग को संबोधित करते हुए कृष्ण श्योकंद।

स्वतंत्र समूह सेवा समिति, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र एसोसिएशन एवं ग्रामीणें की मीटिंग सुदकैन कलां के राजकीय स्कूल में हुई। छात्राओं की कोचिंग के लिए बनाए जाने वाले सुभाष चंद्र बोस महिला पुस्तकालय (लाइब्रेरी) जिसका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है उसको चलाने के लिए कमेटी के गठन को लेकर चर्चा हुई। जुलाई माह में लाइब्रेरी का उद्घाटन, रक्तदान शिविर एवं पौधरोपण, शहीद परिवार सम्मान समारोह का आयोजन सुदकैन कलां में होगा। कार्यक्रम में गांव के जो अधिकारी, कर्मचारी के अलावा बिजनमैन है सभी को इस आयोजन को लेकर सभी निमंत्रण दिया जाएगा। समिति चेयरमैन प्रदीप मोर एवं समिति प्रधान कृष्ण श्योकंद ने बताया कि करीब आठ लाख रुपए समिति द्वारा खर्च करके छात्राओं के लिए पुस्तकालय का निर्माण किया गया है। अब छात्राओं को प्रतियोगिती परीक्षाओं के लिए कोचिंग लेने के लिए गांव से दूर नहीं जाना पड़ेगा। गांव के साथ-साथ सुदकैन खुर्द, काब्रच्छा, डूमरखा खुर्द, डूमरखा कलां, तारखा, ढाकल सहित आदि गांवों की छात्राओं को भी इसका फायदा हो सकेगा।


जुलाना। अटल पार्क का निरीक्षण करते हुए सीएम फ्लाइंग की टीम।

### सीएम फ्लाइंग ने किया औचक निरीक्षण

**जुलाना ।** जुलाना कस्बे के अटल पार्क का सीएम फ्लाइंग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। टीम का नेतृत्व बिजेंद्र सिंह ने किया। टीम ने अटल पार्क में पहुंच कर निर्माण सामग्री के सैंपल लेने का प्रयास किया। टीम ने मुख्यालय के आदेश पर अटल पार्क का औचक निरीक्षण किया। सीएम फ्लाइंग की टीम के साथ टैक्नीकल टीम भी साथ रही। सीएम फ्लाइंग के औचक निरीक्षण से नपा कार्यालय के कर्मचारियों में हड़कंप मंच गया। टीम ने अटल पार्क में लगे राष्ट्रीय ध्वज और स्ट्रीट लाइट की भी जांच की। टीम ने बताया कि टीम ने निर्माण कार्य के दौरान जो दस्तावेज में मार्का बताया गया था उही की जांव की है। निरीक्षण नियमित जांच के तौर पर किया गया।

# 60 कर्मचारी, चार ट्रैक्टर-ट्राली से हर रोज हो रही है सफाई

- 28 तक चलेगा नपा एरिया, बाजारों में मेगा सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

लगातार चौथे दिन नपा एरिया, शहर के बाजारों में मेगा सफाई अभियान के तहत सफाई हो रही है। बाजारों में धूल न उड़े इसको लेकर पानी का छिड़काव भी करवाया जा रहा है। 60 के करीब कर्मचारी, 4 ट्रैक्टर-ट्राली के साथ मेगा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। दुकानदारों, राहगीरों को स्वच्छता का संदेश देने के साथ-साथ दुकानदारों को दुकानों पर डस्टबीन रखने के भी प्रेरित कर रहे है ताकि पूरे दिन जो दुकान में कूड़ा-कर्कट हो वो उसमें डाल सकें। नपा सचिव विक्रमजीत ने कहा कि एमई भूपेद्र अहलावत, जेई सत्यवान, सफाई दरोगा जयपाल की अगुवाई में निरंतर मेगा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। पूरे दिन गर्मी के मौसम में भी सफाई कर्मी नपा एरिया, बाजारों में सफाई कर रहे है। बारिश के मौसम से पहले पानी निकासी को लेकर जो नाले है उनकी सफाई भी की जा रही है। दुकानदारों को बाजारों में जाकर दुकानों पर डस्टबीन रखने के लिए प्रेरित कर रहे है। हर किसी को सहयोग देना चाहिए। मेगा सफाई अभियान के बाद शहर के बाजार, गलियां साफ, चकाचक नजर आए इसको लेकर सभी पूरा सहयोग करें।


उचाना। नपा एरिया में चल रहा मेगा सफाई अभियान।

# ओबीसी के लिए घोषणाओं को लेकर सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछड़ा वर्ग समाज ने बैठक कर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी द्वारा ओबीसी के हितों एवं युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए की गई घोषणाओं के लिए सीएम का आभार जताया है। पिछड़ा वर्ग समाज जिला जींद के प्रभारी व आर्मी रिटायर्ड सूबेदार सूरतसिंह सैन ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी ने गुरूग्राम स्थित ओबीसी सर्व समाज समरसता सम्मेलन में ओबीसी के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं करके समस्त पिछडे.वगोंर् के सच्चे हितैषी होने का सबूत दिया है। सीएम की घोषणाओं में शामिल ग्रुप ए एवं गुरप बी श्रेणी की नौकरियों में पिछडे. वगोंर् के 15 प्रतिशत आरक्षण को बढाक़र 27 प्रतिशत करने, नौकरियों में पिछड़ा वर्ग के बैकलाग को भरने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम में भी नियुक्ति के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण देने व विभिन्न आयोगों, बोडोंर्, निगमों के चेयरमैन व सदस्यों के पदों पर व हरियाणा विधानसभा में ओबीसी के जिताऊ उम्मीदवारों को टिकटें देने एवं बीजेपी संगठन में बीसी को सम्मान देते हुए उचित प्रतिनिधित्व देने, सभी सरकारी व एडिड विश्वविद्यालयों, कालेजों एवं स्कूलों में सम्मानजनक लाभ देने से ओबीसी वर्ग में उत्साह है।

# बाइक सवारों ने बुजुर्ग को लिफ्ट दे 32 हजार लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव धरौदी से पहले बुजुर्ग व्यक्ति को पहले बाइक पर नरवाना के लिए लिफ्ट दी। फिर उस बुजुर्ग से रास्ते मे 32 हजार रुपये की नगदी छीन ली। इत्तफाकिया लोगों के मौके पर पहुंचने के चले आरोपित बाइक छोड कर भागे तो ग्रामीणों ने पीछा कर उन्हें काबू कर लिया। जिन्हें बाद में पुलिस को सौंप दिया। सदर थाना पुलिस ने पकडे.गए तीनों युवकों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लक्ष्मी नगर नरवाना निवासी रामपाल (80) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव धरौदी जानकार से 32 हजार रुपये उधार लेकर आया था। राशि को उसने पॉलीथिन में डाल जेब में रख लिए। वह नरवाना वापस आने के लिए धरौदी बस अड्डे पर खड़ा हुआ था। उसी दौरान बाइक सवार तीन युवक टोहाना की तरफ से आए। जिन्होंने ने उससे नरवाना जाने के बारे में पूछा ओर अपने बीच में बैठा लिया। कुछ दूरी पर चलने के बाद पीछे बैठे युवकों ने उसकी जेब में हाथ मारना शुरू कर दिया। अहसास होने पर उसने बाइक रोकने के लिए कहा। जब बाइक नही रोका तो उसने छटपटाना शुरू कर दिया। जिससे बाइक अनियंत्रित हो कर गिर गई। जिसके बाद युवकों ने उसके साथ मारपीट कर उससे 32 हजार रुपये की नगदी लूट ली।

### आदिकाल से कला ने कल्याण का कार्य किया : हृदय कौशल

# मिट्टी में जान पूकने का काम कर रहे हैं छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग व शिक्षा विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में गत 1 जून से 30 जून तक बच्चों के हुनर को तराशने के लिए टाबर उत्सव का आयोजन प्रदेश भर में किया जा रहा है। कार्यक्त्रम अधिकारी हृदय कौशल ने चंडीगढ़ से जींद पहुंच कर बच्चों की कलाकृतियों का निरीक्षण किया। इस इस मौके पर सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसायटी द्वारा हृदय कौशल को स्मृति चिन्ह दिया गया। कार्यक्रम के पीछे अपनी सोच को उजागर करते हुए उन्होंने बताया कि बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को पूर्ण विकसित करके उनमें कलात्मक गुण की उत्पत्ति करना ही इस टाबर उत्सव का लक्ष्य है। यह प्रयोग अपने आप में मिसाल बनता जा रहा है। आठवीं से 12वीं कक्षा के छात्र कला महाविद्यालय तक का सफर तय कर अपने हुनर को कला के क्षेत्र में स्थापित होने में सक्षम हुए हैं।


जींद। बच्चों द्वारा मिट्टी से बनाई जा रही कलाकृतियों को देखते हुए हृदय कौशल।

#### सिखाए बच्चों को कला के गुर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे टाबर उत्सव के प्रतिभावान छात्रों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां जैसे अभी बोल उठेगी, इस तरह की अनेकों कलाकृतियां शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अपनी ओर खींच रही हैं। प्रशिक्षक के रूप में मूर्तिकार चित्रकार दीपक कौशिक व सुमित कुमार इन बच्चों को कला के गुणों से रूबरू करा रहे हैं। इस स्कूल के छात्र टाइल कार्विंग में दक्षता हासिल कर रहे हैं। यह सब उनके मनोयोग का परिणाम है जो वह निरंतर तत्परता से अपनी कला साधना में लगे रहते हैं। सन्नी, मुकीम, नितिन, चांद, नवीन, रोशन सहित अन्य छात्र कला की बारीकियां को समझ कर उन्हें मूर्त रूप देने में आज सक्षम हैं। टाबर उत्सव की कोऑर्डिनेटर सीमा मलिक ने बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों में बेशुमार हुनर छुपा रहता है।

## खबर संक्षेप

### एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए प्रदेश टीम घोषित

**राजौंद।** एथलेटिक्स एसोसिएशन के जिला महासचिव सोहन पाल राणा राजौंद ने बताया एथलेटिक्स हरियाणा ने नेशनल इंटर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए 80 एथलीट का चयन किया है। एथलेटिक्स हरियाणा के ऑफिस सेक्रेटरी पुनीत ने बताया कि 63 वीं नेशनल इंटर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पंचकूला में 27 से 30 जून को किया जाएगा।

### बाइक चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस द्वारा 1 बाइक चोर को काबू कर लिया गया। जिला जींद के गांव मांडी निवासी संजय की शिकायत अनुसार 20 जून को गांव पिंजुपुरा में वह अपने दोस्त के यहां जागरण में आया हुआ था। वहां से उसकी बाइक अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। मामले की जांच थाना कलायत पुलिस के एचसी मंदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव पिंजुपुरा निवासी अजय को काबू कर लिया गया।

### जिला परिषद की सामान्य बैठक का आयोजन आज

**कैथल।** एडीसी एवं जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सी. जया श्रद्धा ने बताया कि 25 जून को प्रातः 11 बजे जिला परिषद भवन में जिप की सामान्य बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद प्रधान दीपक मलिक करेंगे। इस बैठक में जिला परिषद के सभी सदस्यों एवं जिला कैथल के सभी विभागों के कार्यालय अध्यक्षों द्वारा भाग लिया जाना है।

### चोरों ने मकान से नकदी, गहने, लैपटॉप किया चोरी

**कैथल।** महादेव कॉलोनी कैथल में चोर एक मकान से नकदी, गहने, लैपटॉप व जरूरी कागज चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कॉलोनी निवासी गगन खुराना ने शहर थाना में शिकायत दी कि वह अपने परिवार के साथ 15 जून को शिरडी गया था। जैसे ही वह 23 जून को वापिस आया तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था।

### अवैध देसी कट्टे सहित आरोपी को किया काबू

**कैथल।** अवैध असला अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाई जा रही मुहिम तहत स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा एक आरोपी को 315 बोर के एक अवैध देसी कट्टे सहित काबू कर लिया गया। एएसआई अजीत सिंह की टीम गश्त दौरान चीका चौक कैथल पर मौजूद थी। जानकारी मिली की उचाना निवासी कृष्ण उर्फ रवि हाल निवासी सिरटा रोड कैथल अपने पास अवैध असला रखता है, जो अभी ड्रैन पुल से सिरटा की तरफ जा रहा है।

### लोक संपर्क व कष्ट निवारण समिति की बैठक 28 को

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि आगामी 28 जून को लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री कमल गुप्ता करेंगे और परिवादों की सुनवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि दोपहर बाद 12:30 बजे बैठक का आयोजन होगा।

---

### बीते करीब चार माह में नहर में केवल 4 दिन ही चला पानी

# वाटर टैंक सूखने के कगार पर, एक दिन छोड़कर हो रहा पानी सप्लाई

गर्मी के इस मौसम में पानी के गंभीर संकट से जूझने को मजबूर हो रहे कस्बा राजौंद के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

जन स्वास्थ्य विभाग के टैंकों में नहरी पानी खत्म होने से एक दिन छोड़कर मिल रहा है पानी। गर्मी का मौसम पूरे यौवन पर ऊपर से पानी की समस्या भी लोगों को झेलनी पड़ रही है। लगभग 4 माह में नहर में केवल 4 दिन ही पानी चला था। जिससे टैंकों का पानी सूखा पड़ा है। जिसके कारण जल घर के सभी टैंक सूख चुके हैं एक छोटा बोर लगाया गया है। जिससे पानी की स्पलाई प्राप्त मात्रा में नहीं पहुंच पाती। लोगों ने कई बार एक बड़ा बोर लगने की मांग की लेकिन जन स्वास्थ्य विभाग इस ओर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा। इसे लेकर लोगों को गर्मी के इस मौसम में पानी के गंभीर संकट से झूजने को मजबूर होना पड़ रहा है। बता दें की जो पेगा मार्ग पर नए जल घर के पानी के वाटर टैंक हैं उनमें पानी सुखने से अब पानी की सप्लाई 1 दिन छोड़कर दी जा रही है। क्योंकी नहर में पानी आए लगभग 4 महीन होने को है। टैंकों का पानी अब सूख चुका है और जो बोर से पानी की सप्लाई दी जाती है वह पर्याप्त मात्रा में स्पलाई नहीं कर पाता। नागरिक रामकुमार, जिले सिंह, सुभाष, रोशन, अशोक, हवा सिंह, रामपाल, जयदेव ने बताया कि यहां नहरी पानी पर आधारित वाटर सप्लाई जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च करके बनाई गई थी। लेकिन यह नगर का दुर्भाग्य ही कहिये कि यहां से नहरी पानी केवल कागजो तक ही सिमट कर रह गया है। कई कई महीनों तक भी नहरी पानी की सप्लाई नहीं मिलती। अगर कर्मचारियों अधिकारियों से बात करते हैं तो वह कहते हैं कि नहर में पानी न आने कारण यह समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे में अगर यह समस्या ऐसे ही रहनी थी तो लाखों रुपए खर्च करके नहरी पानी वाटर सप्लाई का क्या औचित्य है। लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि जल घर में बड़ा बोर लगाकर उन्हें पानी की सप्लाई शुरू करवाई जाएं ताकि उन्हें पानी की समस्या से निजात मिल सके।





राजौंद। राजौंद में सूखे हुए जलघर के टैंक। फोटो : हरिभूमि

### लीकेज पाइपलाइन से मकान में आई दरार

**राजौंद।** राजौंद के वार्ड नंबर 9 में जन स्वास्थ्य विभाग की लीकेज पाइपलाइन से मकान में बड़ी बड़ी दरारें आ गई है और परिवार के सदस्य मौत के साए में जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। परिजनों ने सरकार व प्रशासन के प्रति गहरा रोष जताया है। वार्ड नंबर 9 की दादा खेड़े वाली गली में पिछले लंबे समय से पानी की सप्लाई की पाइपलाइन लिंकेज होने से मकान में दरारें आ रही है। इस बारे जानकारी देते हुए मकान के मालिक रविंद्र कुमार भट्ट ने बताया कि उसके मकान की नींव में गहरा पानी भरा हुआ है। जिससे उसका दो मंजिला मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। उसने बताया कि जब वह रिपेयर करने के लिए मिस्त्री लगाकर पिलर खड़े करने लगा तो नीचे से 5 से 6 फीट तक पानी भरा हुआ मिला। जिससे मिस्त्री ने भी अब काम करने से इन्कार कर दिया है। उसने बताया कि बार-बार जन स्वास्थ्य विभाग को गुहार लगा रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है।जबकि वह लिखित व मौखिक रूप से कई बार दे चुके हैं। उसने बताया कि उसने अपने मकान को बचाने के लिए अपना पानी का कनेक्शन भी पिछले कई माह से कटवा दिया है ताकि उसकी घर की पानी की सप्लाई से मकान में पानी न जाए। लेकिन आलम यह बने हुए हैं की उसके बावजूद भी मकान की नींव में पानी जा रहा है और लगातार मकान में दरार आने से रात एक कमरे की दीवार भी गिर गई। जिसमें उसके परिवार के सदस्य बाल बाल बच्च गए। उसने कहा कि वह चाय की दुकान करके बड़ी मुश्किल से अपने घर का गुजारा चल रहा है। लेकिन मकान पूरी तरह टूट चुका है और यह पिछले लंबे समय से सिलसिला चल रहा है।



**राजौंद।** मकान में आई दरारें दिखाते हुए परिजन व नींव में गड्ढे में भरा पानी।। फोटो : हरिभूमि

---

# अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी

- आरोपी को गिरफ्तार कर चार दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वालो आरोपियों पर एसपी उपासना के आदेशानुसार लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों रुपए ठगी मामले की जांच इकनॉमिक सैल के एएसआई राजकुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी धीना बस्ती जालंधर पंजाब निवासी पीटर स्मिथ सहोता को जालंधर से काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रामनगर भूना निवासी बलविंद्र सिंह की शिकायत अनुसार उसकी धीना नगर जालंधर निवासी पीटर सहोता, सुमित सहोता व बचन मसीह के साथ काफी समय से जान-पहचान थी। पीटर सहोता का उनके घर आना-जाना था। पीटर सहोता व उसका बेटा सुमित सहोता अक्टूबर 2021 को उनके घर आए और उसे विदेश में जाने के लिए कहने लगे। आरोपियों ने उसके पिता से कहा कि वे उसके बेटे को कंपनी की मार्फत दो साल का वर्क वीजा लगवाकर अमेरिका भेज देंगे और पीआर भी दिलवा देंगे। वह उनकी बातों में आ गया और अमेरिका जाने के लिए तैयार हो गया। उन्होंने जाने का खर्चा 45 से 50 लाख रुपये के बीच बताया। साथ ही कहा कि अगर उसे डोंकी के जरिये भेजा या वह डिपोर्ट हो गया तो कोई पैसा नहीं लगेगा, सारा पैसा या तो वे स्वयं वापस देंगे या कंपनी देगी। आरोपियों ने उनसे अलग-अलग समय में 43 लाख 30 हजार रुपये ले लिए। 14 नवंबर 2021 को उसे अमृतसर एयर पोर्ट से दुबई के लिए भेज दिया। दुबई से घाना, घाना से तुर्किये एयरपोर्ट पर भेज दिया वहां वह 38 दिन तक रहा। उसके बाद आरोपियों ने फर्जी कार्ड इटली का बनाकर दिया और पासपोर्ट पर गोहाटेमाल का फर्जी वीजा लगवा दिया। वहां पर उसके वीजा, टिकट व अन्य दस्तावेज फर्जी मिलने पर उसे 22 मई 2022 को डिपोर्ट कर दिया। यहां आने के बाद वे आरोपियों के पास पंचायत लेकर गए तो उन्होंने उसे दोबारा बिना रुपये लगाए अमेरिका भेजने की बात कही। आरोपियों ने फर्जी पासपोर्ट बनवाकर अमेरिका के लिए हवाई जहाज में बैठा दिया। इसके बाद उसे इंग्लैंड से वापस भेज दिया गया। वहां पर वह चार महीने शिविर में रहा और उसके साथ उपरोक्त आरोपियों के आदमियों ने मार-पिटाई की। वह 29 मई को भारत आ गया। उसके बाद आरोपियों ने अपने फोन बंद कर लिए। जिस बारे थाना सीवन में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी का सोमवार को न्यायालय से 4 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया।



**कैथल।** विदेश भेजने के मामले मे ठगी का आरोपी इकनॉमिक सैल पुलिस गिरफ्त में। फोटो :हरिभूमि

---

# ओबीसी समाज की मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की बल्ले-बल्ले : लीला राम

- क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा को बढ़ाकर किया 8 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

विधायक लीलाराम ने हरियाणा में ओबीसी वर्ग के कल्याण और युवाओं को सरकारी नौकरियों में बड़ा लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया। लीला राम ने अपने निवास पर कार्यकताअरं को बताया कि हरियाणा में अब तक नौकरियों में पिछड़े वर्गों के आरक्षण के अंदर, क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा सभी स्त्रोतों से 6 लाख रुपये है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से विचार उपरांत अब प्रदेश सरकार की नौकरियों में यह क्रिमिलेयर बढ़ाकर 8 लाख रुपये वार्षिक करने की घोषणा की है। भारत सरकार की तर्ज पर इस आय में वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किया जाएगा, जिससे लाखों लोगों को लाभ होगा। लीला राम ने कहा कि सरकार ने यह घोषणा भी की है कि ग्रुप-ए और ग्रुप-बी के पदों में पिछड़े वर्गों का आरक्षण 15 प्रतिशत है। अब इसे केंद्र सरकार की तर्ज पर 15 प्रतिशत से बढाकर सभी पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत किया जाएगा। इसके अलावा, नौकरियों में पिछड़ा वर्ग-ए और बी के बैगलॉग को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा। इसके लिए विशेष भर्ती अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है।



**कैथल।** विधायक लीला राम अपने समर्थकों के साथ । फोटो :हरिभूमि

---

# 58 वर्ष बाद शहीद परिवारों को फिर से दिलवाई याद : जगजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन जिला कैथल ने जिला परिषद कैथल नगर परिषद कैथल नगर पालिका राजोद के सहयोग से 22 व 23 जून को 58 साल बाद सर्वोच्च बलिदानियों के परिवारों को फिर से याद दिला कर उनको जिंदा किया। उनके गांव में एक अनोखी पहचान बनाई गांव में सर्वोच्च बलिदानी परिवारों को मान सम्मान दिलवाया। ये कार्यवाही 22 जून को कारगिल विजय सिल्वर जुबली तिरंगा रथ यात्रा का जैसे ही जिला कैथल के अंदर प्रवेश 152 डी राजोंद असंध मार्ग से हुआ। वहीं से इस कारगिल विजय सिल्वर जुबली तिरंगा रथ यात्रा का भव्य स्वागत शुरू हुआ। इनके साथ मिलकर सबसे पहले राजोंद में शहीद सिपाही सियाराम की प्रतिमा का अनावरण किया और उनको श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद लगातार शहीद सिपाही गुरदयाल सिंह जाखोली, शहीद सिपाही संपूर्ण सिंह जाखोली, शहीद सिपाही धर्म सिंह देवबन , शहीद लांस नायक ऋषि पाल सेना मेडल, शाहिद स्काउडन लीडर महेश चंद्र गुलाटी कैथल ,इन सभी प्रतिमाओं का अनावरण 22 जून को जिला परिषद के अध्यक्ष दीप मलिक शहिद सेवा दल के अध्यक्ष सावंत कुमार रोहिल्ला की उपस्थिति में शहीद परिवारों के कर कमलों से करवाया गया उसके बाद 22 जून शाम 4:30 बजे हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल पर कारगिल विजय सिल्वर जुबली समारोह मनाया गया।

इस समारोह में प्रशासन की ओर से तहसीलदार संदीप शर्मा और उपायुक्त कार्यालय से पीए रमेश कुमार जिला के सर्वोच्च बलिदानियों के परिवार पूर्व सैनिक और पूर्व सैनिकों के परिवार ये सभी इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय लोक गायक कलाकार कर्मवीर फौजी ने देशभक्ति गीतों के साथ छठ बिखेरी और इनका साथ मास्टर बलवान फौजी, मास्टर राजेश सिंहमार के साथ-साथ जिला कैथल के लोक संपर्क विभाग के लोक गायक कलाकारों की टीम ने भी इस समारोह को रोचक बनाया इसमें सर्वोच्च बलिदानी परिवारों को, कारगिल युद्ध के अंदर भाग लिए पूर्व सैनिकों को, शहीद सेवा दल रजि की पुरी टीम को सम्मानित किया गया और साथ में तहसीलदार सहाब के कर कमल से हरियाणा शहीद स्मारक की मिट्टी शहीद सेवा दल के अध्यक्ष सावंत कुमार रोहिल्ला को भेंट की गई जो कि इस मिट्टी को कारगिल वॉर मेमोरियल द्रास (लद्दाख) में लेकर जाएंगे। 23 जून को शहीद सिपाही राजकुमार के की प्रतिमा का अनावरण किया।



**कैथल।** पूर्व सैनिकों का स्वागत करते ग्रामीण फोटो : हरिभूमि

---



**राजौंद।** गांव जाखौली में कार्यक्रम के दौरान यूनियन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### किसान, मजदूर व कमेरा वर्ग के हर मुद्दे को उठाते रहेंगे : महावीर चहल

**राजौंद।** किसान मजदूर कमेरा वर्ग यूनियन संगठन गाव जाखौली पहुंचा मनीराम मलिक जाखौली के निवास पर गांव वालों ने किसान यूनियन के पदाधिकारियों को फुल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष महावीर चहल ने कहा की जो मान सम्मान सभी गांव वासियों ने दिया है उसके लिए सभी का बहुत बहुत आभार। इस दौरान नरेंद्र मागो माजरी ने कहा कि जल्दी ही पुरे प्रदेश संघठन का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धान की रोपाई के बाद जिला महासचिव कृष्ण माल खेडी के साथ गांव गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने का काम किया जाएगा। उसने कहा कि किसान यूनियन किसान मजदूर कमेरा वर्ग के हर मुद्दे को उठाते रहेंगे। सरकार जब भी कोई अत्याचार करती है चाहे किसान हो या बहन बेटियों की बात हो या कोई भी अन्य संगठन का मामला हो बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर सबसे आगे रहते हुए सभी वर्गो की मांग उठाते रहेंगे।

---

# नशे पर अंकुश लगाना आवश्यक

- पुलिस ने ग्रामीणों को किया नशे के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अंतर्गत नशे के खिलाफ विशेष अभियान की शुरूआत की गई है जिस अभियान के तहत जिला पुलिस की सभी थाना एवं चौकी स्तर पर पुलिस टीमें आमजन को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव बारे जागरूक कर रही हैं। जो इसी कड़ी में नशा जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर सिंह,एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही, मनीषा व सुमन तथा होमगार्ड गुरदेव टीम ने गांव कुराड़, दिवाल, कुतुबपुर, सजुमा, कलायत, बाता, कलायत व मटौर सहित अन्य गांव में करीब 5000 लोगों को नशे से बचने हेतु जागरूक किया साथ ही उन्हें नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई। थाना प्रबंधक सदर इंस्पेक्टर रोहताश तथा चौकी संगतपुरा पुलिस प्रभारी एएसआई विक्रम सिंह की टीम द्वारा गांव बाबा लदाना व संगतपुरा में युवा वर्ग सहित ग्रामीणों को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि जिला पुलिस निरंतर रूप से आमजन को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए जागरूकता कैंप लगा रही है जिसमें आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी प्रदान करके जागरूक किया जा रहा है।



**कैथल।** नशा न करने के बारे में जागरूक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

---

## न्यूज डायरी

### सुरेश और राजेश ने मंदिर में दिया वाटर कूलर भेंट



**राजौंद।** राजौंद के कैथल रोड पर स्थित वाल्मीकि मंदिर में सूबेदार सुरेश कुमार और उनके छोटे भाई राजेश कुमार ने अपने माता-पिता की याद में भगवान वाल्मीकि मंदिर राजौंद के जय वाल्मीकि जय भीम आश्रम ट्रस्ट राजौंद को वाटर कूलर भेंट किया। इस दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने उनका इस नेक कार्य के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ज्येष्ठ माह में जहां जगह-जगह छबीले लगाकर लोगों को पानी पिला कर पुण्य कमाया गया वहीं दोनों भाइयों की तरफ से मंदिर में वाटर कूलर लगाकर अपने माता-पिता की याद में बहुत ही नेक कार्य किया है। इसके लिए सभी ट्रस्ट के सदस्यों ने उनका आभार जताया।

### सोमवार को भी उग्र रहे सूर्यदेव के तेवर

**कैथल।** सोमवार को सूर्यदेव के उग्र पूरी तरह से तेज रहे। यही नहीं उम्सा के कारण भी लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर के समय तेज धूप होने से गर्मी के कारण लोग पसीने से तरबतर नजर आए। दिन भर गलन महसूस हुई। विदित रहे कि पिछले तीन दिनों से लगातार तापमान उमस भरी गर्मी हो रही है। दिन के समय में हवा न चलने से लोगों को अधिक गर्मी महसूस हो रही है। शाम पांच बजे मौसम में अचानक बदलाव हुआ तेज हवा चलने लगी। जिसके बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से हल्की राहत मिली। गौरतलब है कि धूप-छांव का मौसम सोमवार को भी उमस भरी गर्मी ने लोगों को सताया। दिन में बादलों की आवाजाही के बीच निकली तेज धूप बदन में चुभती रही।

---

### डीसी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पुरस्कार स्वरूप देकर किया सम्मानित

# अभियान के तहत जिले की 20 ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

टीबी मुक्त ग्रामीण भारत अभियान के तहत जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक किए गए सर्वे के अनुसार जिले के 20 गांव भी टीबी मुक्त पाए गए।

डीसी प्रशांत पंवार ने इन ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में स्मृति चिह्न और प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया और बधाई दी। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाकर लोगों को उत्साहित कर रहा है। जो पंचायत टीबी मुक्त हो गई हैं उन्हें सम्मानित किया गया है। उन्होंने सम्मानित होने वाली ग्राम पंचायतों से आह्वान किया कि वे इस टीबी मुक्त गांव के स्टेटस को बरकार रखें और साल 2025 तक देश से टीबी को खत्म करने में अपना शत प्रतिशत योगदान दें। उन्होने सभी सदस्यों को निक्षय मित्र बनने बारे प्रेरित किया तथा जिला कैथल की सभी ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय कार्यक्रम टीबी मुक्त भारत में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का संदेश दिया। सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने बताया कि राज्य क्षयरोग कार्यालय, पंचकूला से आई टीम के द्वारा सर्वे व रिर्काड के आंकलन करने के उपरान्त कुल 20 ग्राम पंचायते चयनित की गई। टीबीमुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय ने गांवों के लिए कुछ पैरामीटर निर्धारित किए हुए थे। इन पैरामीटर को पूरा करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया गया।




**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुए।

#### इन गांवों को मिला सम्मान

गांव मंझेड़ी, बुडनपुर गुजरान, छन्ना जाटान, हरनौला, जनेदपुर, सुल्तानिया करतारपुर, कसौली, खेड़ी दाबन, मेगामाजरा, फर्शमाजरा, डडवाना, धेरडू, भालंग, दुमाड़ा, कलासर, नरवलगढ़, सिल्ला खेड़ा, बदनारा, जठेड़ी तथा मुन्नारेहड़ी।

#### टीबी के लक्षण

दो हफ्ते से ज्यादा खांसी होने, खांसी के साथ बलगम या खून आने, सांस लेने पर सीने में दर्द होने, बेचैनी और थकान महसूस होने, शरीर में दर्द बने रहना, रात में बुखार व पसीना आना तथा भूख कम लगना और वजन घटना आदि है। ये लक्षण होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें और इलाज लें।

#### टीबी का इलाज संभव

सीएमओ रेनू चालवा ने कहा कि टीबी का इलाज संभव है। टीबी के मराजों को प्रोटीनयुक्त भोजन, पर्याप्त मात्रा में पानी व तरल पदार्थ, फल व सब्जियां आदि लें। वहीं सभी प्रकार के नशे (बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, तंबाकू, शराब) चाय, तला हुआ खाना, मसालेदार खाना आदि का परहेज करें।

---

# औषधि निरीक्षक ने किया दवा दुकानों का निरीक्षण




**सीवन।** सीवन में दवा की दुकानों पर जांच करते डा. चेतन वर्मा व अन्य

**सीवन ।** जिला औषधि निरीक्षक डा. चेतन वर्मा ने सीवन में दवा विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने दवा विक्रेताओं के स्टाक, सेल, बिल व अन्य रिकार्ड की जांच की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि दवा विक्रेता अपनी दुकान का सही रिकार्ड रखें। प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री न करें। बिना चिकित्सक की पर्ची के दवाईयां न बेचें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नशे के प्रति सरकार बहुत ही स त है। किसी प्रकार की नशीली दवाओं को रखना या बेचना दंडनीय है। इसके बारे में उन्होंने दवा विक्रेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उनके साथ राकेश शर्मा भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### लोगों को गंगा स्नान करवाएंगे बलजीत रेढ़ू

**जींद ।** 100 दिनों में 11 हजार महिला व पुरुषों को मुफ्त गंगा स्नान की अपनी मुहिम के तहत समाजसेवी बलजीत रेढ़ू ने सोमवार को जींद के कंडेला गांव से कई बसों में सैंकड़ों महिला व पुरुषों को गंगा स्नान करवाने के लिए हरिद्वार के लिए रवाना किया। इससे पहले रविवार को जींद के जाजवान गांव से भी इसी तरह बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों को बलजीत रेढ़ू ने गंगा स्नान के लिए रवाना किया था।

### दूषित पेयजल की सप्लाई से लोग नाराज

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड नौ व 10 में पेयजल सप्लाई में सीवरेज का गंदा पानी आ रहा है। कई बार इसकी शिकायत जनस्वास्थ्य विभाग को दी गई लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया। वार्ड के लोगों में प्रशासन के प्रति रोष बना हुआ है। वार्ड नौ व 10 निवासी राजेंद्र, महाबीर, सतीश, राजबीर महेंद्र आदि ने बताया कि वार्ड में कई दिनों से पेयजल सप्लाई में गंदा पानी आ रहा है। जो पानी विभाग द्वारा सप्लाई किया जा रहा है वो किसी भी लिहाज से पीने लायक नही होता।

### बृजेंद्र पर आरोप लगाना ओछी मानसिकता

**जुलाना ।** पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह पर आरोप लगाना सांसद जेपी की ओछी मानसिकता को दर्शाता है। यह बात जुलाना से बिरेंद्र सिंह के साथी और छोटूराम विचार मंच के प्रधान राकेश लाठर ने पत्रकारों से बात करते हुए कही। लाठर ने कहा कि भाजपा में जब केंद्रीय मंत्री बिरेंद्र सिंह को जब मान सम्मान नही मिला तो उन्होंने पार्टी को अलविदा कह दिया ।

### युवाओं से खिलवाड़ कर रही सरकार

**जुलाना ।** भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकार को युवाओं के हितों से कोई सरोकार नही है। यह बात जुलाना से कांग्रेस नेता और सरपंच एसोसिएशन के पूर्व जिला प्रधान और मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान राजपाल लाठर ने कहा कि जो प्रदेश रोजगारए विकास के मामले में नंबर वन होता था भाजपा सरकार के चलते प्रदेश बेरोजगारी और अपराध में नंबर वन पर पहुंच गया है।

### होमगार्ड वेलफेयर एसो. की हुई बैठक

**जुलाना ।** भाजपा नेता डा. सुरेंद्र लाठर के कार्यालय पर होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा नेता डा सुरेंद्र लाठर को होमगार्ड ने मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। होमगार्ड ने कहा कि होमगार्ड एक्ट से स्वयं सेवक शब्द को हटाया जाए। होमगार्ड को क्लास सी या डी का दर्जा दिया जाए। राजकीय कार्य में अपनी डयूटि निभाते वालों का सम्मान दिया जाए।

---

*आईटीआई में दाखिले को लेकर आज अंतिम दिन*

# 25 ट्रेड में 872 सीटों के लिए 10598 ऑनलाइन आवेदन मिले, छात्राएं भी एडमिशन में दिखा रही रुचि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद**

आईटीआई में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने को लेकर विद्यार्थियों के पास मंगलवार तक का ही आखिरी दिन बचा हैं। इच्छुक विद्यार्थी 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस बार आईटीआई में दाखिले को लेकर मारामारी होगी। आईटीआई में निर्धारित सीटों से पांच से छह गुणा तक आवेदन आ गए हैं। ऐसे में दाखिले को लेकर मेरिट लिस्ट काफी ऊंची जाएगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद के प्राचार्य अनिल कुमार गोयल ने बताया कि विभिन्न 25 ट्रेड में 872 सीटों के लिए सोमवार तक 10598 ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं। वहीं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नरवाना में 21 ट्रेड में 6787 और राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में विभिन्न सात ट्रेड में 737 आवेदन आ चुके हैं। पहली मेरिट लिस्ट 28 जून को लेगेगी। जिस भी विद्यार्थी का पहली मेरिट लिस्ट में नाम आता है, वह समय पर संबंधित संस्थान में दाखिला करवा लें ताकि बाद में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।



जींद। दाखिले के लिए आवेदन करते हुए छात्राएं।

### डीजीपी करेंगे आईटीआई की तीन लड़कियों को सम्मानित



किरण



कोमल



संजना

**कैथल ।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रक ब्यूरो मधुबन करनाल द्वारा राजकीय आईटीआई कैथल की तीन छात्राओ को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम राजकीय महिला महाविद्यालय पंचकूला में 26 जून को सम्मानित किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक की तरफ से प्राप्त पत्र अनुसार प्रथम स्थान किरण, द्वितीय कोमल, तृतीय पुरस्कार संजना को प्रदान किया जाएगा। बता दें कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रक ब्यूरो मधुबन द्वारा नशीले पदार्थों के सेवन के खिलाफ हरियाणा राज्य में पिछले दिनों एक जागरूकता अभियान चलाया गया था। इसमें विभिन्न स्कूलों, कॉलेज व आईटीआई में सेमिनारों का आयोजन किया गया था।

### राजकीय आईटीआई में आए आवेदन

| ट्रेड का नाम | आवेदनों की संख्या |
|---|---|
| इलेक्ट्रिशियन | 2403 |
| कंप्यूटर ऑपरेटर प्रो. असिस्टेंट | 1226 |
| वायरमैन | 1157 |
| फिटर | 825 |
| स्टेनोग्राफर हिंदी | 490 |
| मैकेनिक डीजल | 466 |
| रेफ्रिजरेटर एवं एसी तकनीशियन | 456 |
| स्टेनोग्राफर इंग्लिश | 446 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 440 |
| मैकेनिक मोटर व्हीकल | 430 |
| पलंबर | 395 |
| ड्राफ्ट्समैन सिविल | 315 |
| मशीनिस्ट | 242 |
| टर्नर | 178 |
| ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल | 173 |
| वैल्डर ड्यूल | 159 |
| मैकेनिक ट्रैक्टर | 139 |
| तकनीशियन इलेक्ट्रीशियन | 117 |
| ड्रेस मेकिंग | 101 |
| पेंटर जनरल | 98 |
| फिटर ड्यूल एच | 89 |
| मैकेनिकट डीजल ड्यूल | 70 |
| वुड वर्क तकनीशियन | 65 |
| स्यूइंग टेक्नोलॉजी | 64 |
| जियो इन्फोटिक्स | 54 |

---

## अस्पताल में चिकित्सक 28, ओपीडी पहुंची 2500 तक

# दो दिन की छुट्टी के बाद अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भारी भीड़

ओपीडी पर्ची और फिर दवा लेने में ही लग गए घंटों, लोग हुए परेशान, व्यवस्था न होने के चलते अस्पताल प्रशासन को जमकर कोसा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद**

दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल जैसे ही खुला तो मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पर्ची काउंटर, ओपीडी, एक्सरे-ए, इमरजेंसी तक तक मरीजों और तीमारदारों के बीच धक्का-मुक्की होती रही। अस्पताल का कोई ऐसा कोना नहीं था जहां मरीजों व उनके तिमारदारों की भीड़ न हो। जब नंबर नही आया तो उमस भरी गर्मी के बीच कई मरीज तो चिकित्सकों के कमरों के आगे ही लेट गए और अपनी बारी का इंतजार करने लगे। सबसे 'यादा भीड़ ओपीडी काउंटर पर रही और लगभग एक बजे तक लोग यहां लंबी लाइनों में लगे रहे। मरीजों की भीड़ को देखते हुए अस्पताल प्रशासन द्वारा भी कोई पुख्ता प्रबंध नहीं किए गए थे जिसके चलते उपचार के लिए आए मरीज अस्पताल प्रशासन को कोसते हुए नजर आए। पहले मरीज ओपीडी पर्ची के लिए लाइन में लगे। फिर चिकित्सकों के कमरे के बाहर धक्का-मुक्की हुई। जिन्हें टैस्ट लिखे गए तो वो लैब में लाइनों में लगे और जिन्हें दवा लिखी गई उन्हें दवा खिड़की पर परेशानी उठानी पड़ी। नागरिक अस्पताल में सोमवार को भीड़ का आलम इस कदर था कि लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई थी। मरीज जल्दी उपचार करवाने के लिए आपस में उलझते नजर आए। सबसे 'यादा भीड़ जनरल ओपीडी, बाल रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, आथार्् सर्जन के कमरों के बाहर रही। इसी तरह दवा वितरण कक्ष और इंजेक्शन कक्ष के बाहर भी मरीज लाइन में अपनी बारी का इंतजार करते देखे। हड्डी, ईएनटी, महिला चिकित्सक के कमरों के बाहर से 200 से 300 लोग उपचार के लिए खड़े थे और पूरा दिन धक्का-मुक्की होती रही। पहले उपचार और फिर दवा लेने में ही मरीजों को लग गए घंटों पहले उपचार और फिर दवा लेने में ही मरीजों को काफी समय लग गया। दवा खिड़की पर सबसे 'यादा लोगों को परेशानी हुई। यहां दवा लेने में ही लोगों को आधा-आधा घंट लग गया।



जींद। नागरिक अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए लगी लंबी लाइनें।

### कम नहीं हो रही मरीजों की संख्या

सोमवार को अस्पताल में आम दिनों की तरह ही स्वास्थ्यकर्मी व स्टाफ काम के लिए पहुंचे लेकिन जिला अस्पताल में ओपीडी पर्च्री बनाने से लेकर डाक्टरों के चैंबरों के बाहर मरीजों की लंबी कतार दिखी। भीड़ इस कदर थी कि ओपीडी का समय खत्म होने के बावजूद डाक्टर मरीज को देखते रहे। सोमवार को को आम दिनों की अपेक्षा ओपीडी में मरीजों की संख्या भी दोगुनी रहती है। वहीं शनिवार और रविवार की छुट्टी होने के चलते यह भीड़ और 'याद बढ़ गई। अपने बेटे को लेकर आई सीमा ने बताया कि पहले तो पर्ची बनवाने में ही उसे आधा घंटा लग गया। जैसे ही पर्ची मिली तो वह डॉक्टर के कमरे के बाहर लाइन में लग गई। फिर दवा के लिए लाइन में लगी। इसी तरह ईएनटी चिकित्सक के पास उपचार करवाने आई रीना ने बताया कि उसे ईएनटी को दिखा है लेकिन भीड़ इतनी है कि उसका नंबर मुश्किल ही आ पाएगा।

### ओपीडी की संख्या

| तिथि | ओपीडी की संख्या |
|---|---|
| 24 जून | 2495 |
| 23 जून | रविवार |
| 22 जून | शनिवार (छुट्टी) |
| 21 जून | 1961 |
| 20 जून | 1918 |
| 19 जून | 1794 |
| 18 जून | 2099 |

### अव्यवस्था नहीं होने दी गई : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को अस्पताल खुला। सभी चिकित्सकों ने पूरी तन्यमता के साथ काम किया। सोमवार को आम दिनों की अपेक्षा ओपीडी में मरीजों की संख्या बहुत अधिक रहती है और दो दिन की छुट्टी के बाद अस्पताल खुला तो भीड़ अधिक बढ़ गई। प्रयास किया गया कि सभी मरीजों को उपचार व दवा मिले।

---




जींद। गांव रजाना खुर्द के सरपंच सुरेश जागलान को सम्मानित करते हुए डीसी व सीएमओ डा. गोपाल गोयल।

## टीबी मुक्त भारत अभियान सफल बनाने पर 19 पंचायत सम्मानित

- पोलियो की तरह टीबी को भी जड़मूल से उखाड़ फैंकना है : डीसी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद**

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिस प्रकार से देश से पोलियो को समाप्त किया है, इसी प्रकार से टीबी को भी दूर भगाना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों को अपनी सार्थक भूमिका अदा करनी होगी। टीबी को लोग सामाजिक बुराई भी मानते हैं। ऐसे में टीबी ग्रस्त लोगों को जागरूक करें कि वे टीबी का पूरा ईलाज लें, ईलाज को अधर में ना छोड़ें। इलाज बीच में ही छोड़ देने से मरीज के लिए और अधिक दिक्कत बनती है। टीबी का पूर्णरूप से उपचार है और और यह हर अस्पताल में मुफ्त दिया जाता है। डीसी सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कान्फ्रेंस हाल में केंद्र सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत ग्रामीण अंचल में निर्धारित पैरामीटर पर खरा उतरने वाली 19 ग्राम पंचायतों को सम्मानित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी को जड़मूल से समाप्त करने के लिए उपचार के साथ-साथ जागरूकता भी जरूरी है। ऐसे में टीबी को जड़ मूल से समाप्त करने के लिए लोगों में उपचार लेने के बारे में जागरूकता लानी होगी। इसमें ग्राम पंचायतों की अहम भूमिका होती है। सीएमओ डा. गोपाल गोयल और उप सिविल सर्जन एवं टीबी प्रभारी डा. पालेराम ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त अभियान को लेकर चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गांवों के लिए कुछ पैरामीटर निर्धारित किए हुए थे।

---

## मुख्यमंत्री की घोषणा से ओबीसी परिवारों को होगा लाभ : सैनी

- हर वर्ग के हितों का ध्यान रख रहे मुख्यमंत्री

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद**

हरियाणा कान्फेड के चेयरमैन एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने कहा कि हरियाणा में ओबीसी वर्ग के कल्याण और युवाओं को सरकारी नौकरियों में बड़ा लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री न कुछ घोषणाएं की हैं। इससे इस वर्ग के हजारों युवाओं के साथ-साथ परिवारों को भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रहे हैं। इससे प्रदेश का हर वर्ग उत्साहित है। कर्मवीर सैनी ने कहा कि आज के दिन नौकरियों में पिछड़े वगोंर् के आरक्षण के अंदर क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा बढ़ाने को लेकर नायब सिंह सैनी सरकार ने महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। अब प्रदेश सरकार की नौकरियों में यह क्रिमिलेयर बढ़ाकर 8 लाख रुपये वार्षिक की जाएगी। भारत सरकार की तर्ज पर इस आय में वेतन और कृषि आय को शामिल नहीं किया जाएगा। इससे लाखों लोगों को लाभ होगा। सैनी ने कहा कि इस समय ग्रुप ए और ग्रुप बी के पदों में पिछड़े वगोंर् का आरक्षण 15 प्रतिशत है। अब इसे केंद्र सरकार की तर्ज पर 15 प्रतिशत से बढ़ाकर सभी पिछड़े वगोंर् के लिए 27 प्रतिशत किया जाएगा। इसके अलावा नौकरियों में पिछड़ा वर्ग .ए और बी के बैकलॉग को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा। इसके लिए विशेष भर्ती अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। इससे हरियाणा तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ेगा।

### अगस्त के प्रथम सप्ताह में जुलाना में होगी बड़ी रैली

**जींद ।** देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक द्वारा अगस्त महीने के प्रथम सप्ताह में जुलाना में बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा समेत दिल्ली से कांग्रेस के बड़े नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा। रैली के माध्यम से दलजीत मलिक जुलाना में अपनी मजबूत पकड़ दिखाने का काम करेंगे। सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए जुलाना की आज तक लगातार अनदेखी होती आई है। उन्होंने जुलाना के विकास का संकल्प लिया है। देव हिंदू मंच ने फैसला लिया है कि इस बार जुलाना का विकास तेज गति से करवाया जाए। वह जुलाना के विकास को लेकर सांसद दीपेंद्र हुड्डा से भी चर्चा कर चुके हैं। अगस्त महीने के पहले सप्ताह में जुलाना में विशाल रैली करने के लिए जल्द ही सांसद दीपेंद्र हुड्डा से मुलाकात करके रैली के लिए समय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता सरकार से तंग आ चुकी है।

## निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। ढांड**

बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज कौल, कैथल प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरे गए। चुनाव अधिकारी प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रधान पद के लिए चौ. तेजवीर सिंह पूर्व विधायक हल्का पुण्डरी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, भारतीय जनता पार्टी हरियाणा, उप प्रधान पद के लिए कंवर सिंह, महासचिव पद के लिए कर्ण सिंह, कोषाध्यक्ष पद के लिए अनिल नम्बरदार द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करवाए गए। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि आगामी तीन वर्षो के लिए चारों पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया। चुनाव अधिकारी प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने कहा कि तेजवीर सिंह निरन्तर 2003 से अब तक आठवीं बार प्रधान पद के लिए चुने गए। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि चौधरी तेजवीर सिंह हरियाणा के समस्त सहायता प्राप्त कॉलेज वेल्फेयर एसोसिएशन (पंजीकृत) के सन 2018 से न केवल सर्वसम्मति से संस्थापक अध्यक्ष हैं बल्कि वर्तमान में भी 97 एडिड कॉलेजों की वेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर शुशोभित हैं। इस अवसर पर तेजवीर सिंह ने सभी डेलिगेट्स, आजीवन सदस्यों एवं भारी संख्या में पहुंचे गणमान्य व्यक्तियों का आज स्वयं के व अन्य पदाधिकारियों के सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। तेजवीर सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रातः स्मरणीय सदैव वंदनीय व हम सभी के आदर्श चौधरी ईश्वर सिंह जी द्वारा रोपित यह शिक्षा रूपी पौधा वर्तमान में प्रबंधन समिति के पदाधिकारीयों, आजीवन सदस्यों, गणमान्य व्यक्तियों, प्राचार्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के प्रयासों से वटवृक्ष बन गया है।



तेजबीर सिंह

---

### जुलाना के राजकीय कालेज अब शहीद मेजर संजीव लाठर के नाम से जाना जाएगा

**जुलाना ।** जुलानाकस्बे के राजकीय कालेज का नाम बदलकर बुढ़ा खेड़ा गांव निवासी शहीद मेजर संजीव लाठर के नाम कर दिया गया है। शहीद के नाम कालेज का नाम रखने से क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। प्रदेश सरकार ने शहीद मेजर संजीव लाठर के नाम से कालेज का नाम रखने के लिए विभाग को एक पत्र भेजा है जिसमें आदेश जारी किए गए हैं कि तुरंत प्रभाव से कालेज का नाम शहीद मेजर संजीव लाठर के नाम रखा जाए। शहीद मेजर संजीव लाठर 30 नवंबर 2016 को सुकमा में हुए हेलीकॉप्टर क्रैश में शहीद हो गए थे। प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उनके नाम से शिक्षण संस्थान का नाम रखने की घोषणा की थी। शहीद मेजर संजीव लाठर की पत्नी शालिनी लाठर जुलाना तहसील में तहसीलदार के पद पर कार्यरत हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

*परिवार पहचान पत्र सहित अन्य समस्याओं का मौके पर किया निपटान*

# समस्याओं के निदान में वरदान साबित हो रहे शिविर

- डीसी प्रशांत पंवार व एसपी उपासना ने सुनी समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल**

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए समाधान शिविर नागरिकों की समस्याओं के निदान के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नागरिकों की मौके पर ही समस्याओं का निवारण किया जा रहा है। बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में लोगों की परिवार पहचान पत्र में डाटा को सही करने तथा पेंशन बनाने सहित अन्य शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया गया।

कलायत ब्लॉक के सिनद गांव से आई अजमेरों देवी परिवार पहचान पत्र में आय अधिक होने की समस्या को लेकर शिविर में आई जहां अधिकारियों द्वारा उनकी समस्या को गंभीरता से सुना गया है और मौके पर ही निदान किया गया। जिस पर अजमेरों देवी ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन द्वारा आयोजित शिविर का सराहना की। वहीं कैलरम गांव के अनिल की भी परिवार पहचान पत्र में नाम गलत होने संबंधी समस्या का समाधान शिविर के दौरान समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि वह इस समस्या को लेकर काफी परेशान था। कई बार में दफ्तरों के चक्कर काट चुका था, लेकिन सोमवार को समाधान शिविर में उसके परिवार पहचान पत्र को दुरूस्त किया गया। अपने पीपीपी में नाम दुरूस्त होने पर अनिल ने खुशी जाहिर की और मुख्यमंत्री नायब सैनी व डीसी प्रशांत पंवार का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार खेड़ी लांबा गांव में रमेश व रामनिवास अविवाहित पेंशन बनवाने को लेकर डीसी प्रशांत पंवार से गुहार लगाई, जिस पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए और उनके आवेदन को स्वीकार कर मुख्यालय भेज दिया गया।

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिला एवं उपमंडल स्तर पर ह्यसमाधान शिविरह्न लगाकर लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। शिविर में आम नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, बिजली, पानी तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से संबंधित 133 शिकायतों आई। इनमें से 24 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया। अन्य के लिए अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए।



कैथल। डीसी प्रशांत पंवार लोगों की शिकायत सुनते हुए